श्री उपसभापति: माननीय चेयरमैन साहब की अनुमति से हुआ है, लेकिन मैं आपकी बात माननीय चेयरमैन तक पहुंचा दूंगा।

श्री भूपेन्द्र यादव: माननीय उपसभापति जी, जब माननीय सदस्य ने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाया है, तो उन्हें उस नियम को पूरी तरह पढ़ना भी चाहिए। उसमें बीच में लिखा है कि 'unless the Chairman otherwise directs' ... (व्यवधान)...

SHRI MADHUSUDAN MISTRY: I am not saying, 'No'; उपसभापति जी, मैं discussion करने के लिए मना नहीं कर रहा हूं। मैं तो सिर्फ यह कह रहा हूं कि मिनिस्टर्स की जो आदत बनी हुई है कि उसी दिन वहां से बिल को पास करा कर, इस सदन में प्रस्तुत करना और दूसरे दिन उसे पास कराना, इस पर अंकुश लगना चाहिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: श्री मधुसूदन मिस्त्री जी, मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि माननीय सभापति जी ने already rule 123 के तहत waiver दिया है। मैंने आपको इस बारे में पहले ही बता दिया था।

श्री भूपेन्द्र यादव: माननीय उपसभापति जी, माननीय सदस्य, हाउस को mislead न करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: कृपया सीट पर बैठकर न बोला करें।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Minster, please move the Bill.

GOVERNMENT BILL

The Arms (Amendment) Bill, 2019.

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

कि आयुध अधिनियम, 1959 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में विचार किया जाए।

श्री उपसभापति: आप अभी ब्रीफली बोल लीजिए, रिप्लाई बाद में दीजिएगा। आप पाँच मिनट के लगभग बोल लीजिए।

श्री जी. किशन रेड्डी: आदरणीय उपसभापति जी, यह छोटा बिल है, मगर बहुत महत्वपूर्ण बिल है। सर, arms and ammunition का effective control करना किसी भी देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण होता है, जो कि किसी देश के सुरक्षित

[श्री जी. किशन रेड्डी]

वातावरण में प्रभावित करता है। इसका प्रभावी नियंत्रण internal security, कानून व्यवस्था तथा नागरिकों की सुरक्षा दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। भारत में आर्म्स संबंधित एक्ट पहली बार 1878 में "आर्म्स एक्ट 1878" के नाम पर लागू किया गया था। इस एक्ट को ब्रिटिशर्स ने खुद के लिए, उनके समर्थकों के लिए, राज करने वाले व्यक्तियों की सिक्युरिटी के लिए बनाया था, जिसमें लाइसेंस देना था। हमारे देश के आजाद होने के बाद भारत सरकार और इंडियन कांस्टीट्यूशन में इस कानून को रिव्यू करके लोगों की सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखकर नया कानून "आर्म्स एक्ट, 1959" के नाम पर लागू किया गया है। इस एक्ट में arms manufacturing, sale, import, export, etc. के प्रोविजन के साथ-साथ सिटिजन्स को आर्म्स लाइसेंस देने का भी प्रोविजन था। इस एक्ट को फर्स्ट टाइम, लगभग 31 ईयर्स के बाद उस समय की कानून व्यवस्था की दृष्टि से, 1959 का कानून आने के बाद 1988 में रिव्यू किया गया। प्रेजेंट कंडीशन में इसकी आवश्यकता है और वर्तमान स्थिति के अनुरूप ही यहाँ नया अमेंडमेंट प्रस्तावित किया गया है। Firearms ammunition and explosives Constitution के Seventh Schedule में Union List पाँच पर आते हैं। Arms Act, 1959 एक Cetral law है, जो देश में वैपन्स और फायरआर्म्स की लाइसेंसिंग प्रक्रिया को रेग्युलेट और कंट्रोल करता है। मैंने बताया है कि एक्ट को 31 ईयर्स के बाद 1988 में अमेंडमेंट किया गया था। Amendment Law Enforcement Agencies से प्राप्त जानकारी के मुताबिक illegal arms holders and their punishable offences की तरफ से पिछले सालों में आर्म्स मैन्युफेक्चरिंग में और उनकी ईजी अवेलेबिलिटी में लाइसेंस मिलना था। इसके साथ-साथ ही illegal arms and smuggling में increase होना भी गंभीर चिंता का विषय है। इसके लिए वर्तमान कानून को और कठिन एवं effective बनाना आवश्यक हो गया है। इसके साथ ही अच्छे लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए arms licensing प्रणाली को और आसान बनाने की आवश्यकता है, जिसके कारण citizens, individuals and sports players की कोई भी disturbance नहीं होनी चाहिए। जो भी Illegal arms ammunitions मिलता है, सरकार कभी-कभी उसको seize करती रहती है। 2014-2017 के दौरान हर साल 35,218 arms and 1,62,648 ammunitions और इल्लिगल आर्म्स को सीज किया गया है। बॉर्डर पर paramilitary forces के द्वारा भी every year भारी मात्रा में arms ammunitions seize किया जाता है। इसलिए मैं माननीय सांसदों को बताना चाहता हूं कि इसमें जो इनडिविजुअल लाइसेंस है हम उसमें और सुधार ला रहे हैं। अभी जो एक बुक के नाते लाइसेंस देते हैं, उसको एक e-card जैसा देना चाहते हैं। जैसा लाइसेंस है, उस लाइसेंस की तरह ही अभी हम gun license का और आर्म लाइसेंस का कार्ड देना चाहते हैं। पहले इसका 3 साल में एक बार renewal होता था। चूंकि इसके लिए हर 3 साल में जाने से उनका समय भी बर्बाद होता है और ऑफिसर्स का समय भी बर्बाद होता है, इस दृष्टि से हमने 5 साल के बाद इसके renewal की व्यवस्था की है।

इसके साथ-साथ, व्यक्ति के पास पहले तीन guns रहते थे। सरकार पहले यह चाहती थी कि एक ही gun रखना चाहिए, क्योंकि कोई व्यक्ति तीन guns एक ही बार नहीं चला सकता है। लेकिन कुछ सांसदों ने और कुछ civil societies ने सरकार से निवेदन किया कि उनको एक बड़ा gun और एक छोटा gun चाहिए, इसलिए वह दो guns रखने की व्यवस्था करे। सरकार ने इसको मान लिया है और इस बिल में तीन guns की जगह हर व्यक्ति, जिनको छुपा चाहिए, उनके लिए दो guns का लाइसेंस रखने की व्यवस्था की गई है।

दूसरा, जो लोग sports की practice करते हैं और देश के लिए medals लाते हैं, उनके लिए इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। वर्तमान में sports के लिए जो स्थिति है, उनके लिए जो व्यवस्था है, वही रहेगी। वे training के लिए जितने भी guns use करते हैं, use कर सकते हैं। Rifle Associations के लिए वर्तमान स्थिति जारी रहेगी। इसके साथ-साथ, जो ex-Army personnel हैं, उनके लिए भी इसमें कोई change नहीं किया गया है। वे अपने पास दो guns रख सकते हैं।

सर, इसमें हम कुछ नई punishments लाए हैं। पहले इस तरह की punishments नहीं थीं। फिर इसमें कुछ punishments को बढ़ाया गया है। इस सम्बन्ध में सुप्रीम कोर्ट के कुछ आदेश भी थे। पहले के एक्ट में सेक्शन 27(3) में death penalty की व्यवस्था थी। सुप्रीम कोर्ट के सुझाव पर उस death penalty की जगह 'life imprisonment or death penalty', इसमें इस तरह का change किया गया है।

सर, मैं अपना अभिप्राय व्यक्त करने के बाद आपके आदेश से बाद में इसके बारे में detail में बताऊँगा। इसमें किसी व्यक्ति का कोई नुकसान नहीं है। देश के हित के लिए, देश की सुरक्षा के लिए, देश की अखंडता के लिए, कानून-व्यवस्था बरकरार रखने के लिए हमने इसमें कुछ कदम उठाए हैं। हमने international level पर भी United Nations के साथ agreement sign किया है कि illegal arms trafficking को रोकना चाहिए। हमारे देश में भी illegal trafficking हो रही है। कुछ जगह तो small scale industry की तरह, cottage industry की तरह arms बनाए जाते हैं। इसको पूरी तरह से रोकना चाहिए और इसकी punishment बढ़ानी चाहिए। अगर अभी किसी के पास illegal gun मिलता है, तो उसको punishment मिलती है, मगर जो gun बनाता है, उसको कम punishment मिलती है। इसलिए हमने इसको बनाने वाले के लिए punishment को ज्यादा किया है। हमने इसमें इसका transport करने वाले के लिए punishment की व्यवस्था की है। जो व्यक्ति इसको रखता है, उसके लिए punishment की व्यवस्था की है। हम देखते हैं कि लोग पुलिस वालों से gun छीन लेते हैं, कुछ LWE areas में पुलिस के ऊपर attack करके guns ले जाते हैं, कुछ जगह पत्थरबाजी करके पुलिस स्टेशन से guns ले जाते हैं। ऐसे संगठन, जो इसके लिए दोषी हैं, उनको ज्यादा punishment मिलनी चाहिए। इसी दृष्टिकोण से हम

[श्री जी. किशन रेड्डी]

यह Arms and Ammunitions का Amendment Bill आपके सामने लाए हैं। मैं आपके द्वारा सभी महानुभावों से इस Arms and Ammunitions (Amendment) Bill को पूरा समर्थन देने के लिए request करता हूँ। धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There is one Motion by Shri Digvijaya Singh to refer the Arms (Amendment) Bill, 2019, as passed by Lok Sabha, to the Select Committee of the Rajya Sabha. Are you moving the Motion?

MOTION FOR REFERENCE OF BILL TO SELECT COMMITTEE

SHRI DIGVIJAYA SINGH (Madhya Pradesh): Yes, Sir. I move:

"That the Bill further to amend the Arms Act, 1959, as passed by Lok Sabha be referred to a Select Committee of the Rajya Sabha, consisting of the following Members:-

1. Shrimati Ambika Soni
2. Kumari Selja
3. Shri B.K. Hariprasad
4. Shri Jairam Ramesh
5. Dr. K.V.P. Ramachandra Rao
6. Shri Tiruchi Siva
7. Shri Vaiko
8. Shri Sanjay Singh
9. Prof. Manoj Kumar Jha
10. Shri Digvijaya Singh

with instructions to report by the last day of the first week of the next Session of the Rajya Sabha."

The questions were proposed.

श्री हुसैन दलवई (महाराष्ट्र): सर, यह जो बिल आया है, इसका focus illegal arms के ऊपर है। मंत्री महोदय के भाषण से यह मालूम पड़ा कि जो लोग illegal arms रखते हैं, वह बंद होना चाहिए, उसकी manufacturing बंद होनी चाहिए, उसकी sale बंद होनी

चाहिए। ये सारी बातें आपने कहीं, मैं इनसे बिल्कुल सहमत हूँ। यूपी और बिहार में जिस तरह सब्जी बेची जाती है, वैसे ही कट्टे भी बेचे जाते हैं। ये बिकने बंद होंगे, तो अच्छा ही होगा, क्योंकि यही कट्टे हमारे महाराष्ट्र में, मुम्बई में जाते हैं। ...**(व्यवधान)**...

एक माननीय सदस्य: पहले तो यह समझाइए कि कट्टा क्या है?

श्री हुसैन दलवई: हालांकि मैंने कट्टा कभी देखा नहीं है, लेकिन हम सुनते रहे हैं, ऐसा कहा जाता है कि फलां-फलां के पास कट्टा है। कट्टा भी पिस्तौल की तरह होता है। ...**(व्यवधान)**... जैसा आपने बताया कि पुलिस या Armed Forces से गन छीन ली जाती है, उनके लिए आपने जो सजा बढ़ाई है, इसका मैं पूरी तरह समर्थन करता हूं। यह काम बिल्कुल बंद होना चाहिए। मैं चाहता हूं कि इस कानून के आने के बाद, illegal arms की जो manufacturing रही है, वह बिल्कुल बंद होनी चाहिए। कई जगह जब शादी-विवाह या कोई celebration होता है, तो गोलियां चलाई जाती हैं, यह भी इल्लीगल है। इन सब चीज़ों को बंद करने की आप कोशिश कर रहे हैं, इसकी मैं सराहना करता हूं और पूरा समर्थन करता हूं।

मंत्री महोदय, अब सवाल यह पैदा होता है कि जिनके पास लाइसेंस पहले से ही है, चाहे तीन पिस्तौल का हो या चार का हो, आप इसको कम कर रहे हैं, इसकी क्या ज़रूरत है? आज जो क्राइम हो रहा है, गुनाह बढ़ रहे हैं, उनमें illegal arms का इस्तेमाल होता है, licensed arms का नहीं होता है । अगर किसी ने licensed arm से किसी का खून कर दिया, तो जल्दी ही वह पकड़ा जाएगा, क्योंकि उसके पास लाइसेंस होता है, सर्टिफिकेट होता है। जो unlicensed arms या illegal arms होते हैं, उनकी जांच करना कठिन होता है, इसलिए उनके बारे में आपका जो फोकस है, वह बिल्कुल सही है। मैं आपसे एक बात और जानना चाहता हूं कि जिनके पास दो या तीन आर्म्स हैं, उनके बारे में भी आपने इस बिल में प्रावधान रखा है, यह बात मेरी समझ में नहीं आई। मैं आपको एक उदाहरण देना चाहूंगा, अगर आप हमारे यहां कोल्हापुर में जाएंगे, तो वहां जो राजे-रजवाड़े हुआ करते थे, उनके घरों की दीवारों के ऊपर आज भी आर्म्स टंगे रहते हैं, लेकिन वे उनका इस्तेमाल कभी भी नहीं करते हैं। ये आर्म्स उन्हें अपने पूर्वजों से मिले हैं, इसीलिए वे अपने घर में सिर्फ एक आर्टिकल की तरह उन्हें दीवार पर सजा कर रखते हैं, छुपा कर नहीं रखते। आपको यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि जिनके पास unlicensed arms होंगे, उनको हमेशा वे छुपा कर रखेंगे। इस बिल में मेरा खाली इतना ही विरोध है, आप licensed arms को तीन के बजाय, दो या एक करने की जो बात सोच रहे हैं, वह बिल्कुल गलत है। आपने अपने बिल में यह प्रावधान भी किया है कि इनका लाइसेंस तीन साल में रिन्यू होने के बजाय, अब पांच साल में रिन्यू होगा, यह अच्छी बात है। इनकी संख्या को तीन से एक करना या जिनके पास एक तरह से सज्जा की वस्तु के रूप में ये रखे हैं, उनको परमिशन न देना, यह सही नहीं है, क्योंकि यह उनके इमोशंस से जुड़ी हुई

[श्री हुसैन दलवई]

बात है। अगर मेरे घर में बाप-दादा के जमाने से कोई आर्म रखा है, तो आप उसको निकालने की बात मत कीजिए। लोग इस बात का विरोध करेंगे। आपका जो फोकस illegal arms के बारे में है, वह आप कायम रखिए, इतनी ही विनती करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं, धन्यवाद।

LT. GEN. (DR.) D.P. VATS (RETD.) (Haryana): Sir, I rise to support this Bill. This is a well intended Bill to curb the manufacture, sale, smuggling and use of illegal arms because more arms means more crime. At the same time, it makes the licensing easy in the sense that validity period been increased from three to five years. I welcome it. Also, the issue of license has been made electronic. As far as licences are concerned, holding arms is very big responsibility. I belong to an organization or, say, the profession of arms but for holding arms, an individual has to be trained. In Armed Forces, we say that your arms are rather more dearer than your life and soldiers hold the arms with utmost safety. Still, there may be incidents of fragging or fratricide.

Therefore, just like you do the medical check-up, eye check-up or orthopedics check-up of the individual for issuing a driving licence, in the same manner, before issuing licence for arms, to prevent the misuse of licensed arms, at least, psychological bent of the person should be known especially if there are criminal tendencies or not, if there are suicidal tendencies or not. This should be of prime importance.

Secondly, in licensed arms, show of strength or show of arms prevents the use of arms. Therefore, there are flag marches, there are shows of strength. As far as holding of arms by individuals is concerned, I welcome the Government's move to reduce the number of arms on one licence from three to two. Though Husain Dalwai ji said that we should have been more considerate towards royal vintage armouries but as I mentioned, show of strength prevents the use of arms.

Scientifically, one is for distance and one is for near. As far as small arms, especially, pistols and revolvers, are concerned, they are more of show now because with the automatic weapons and attacking weapons, to defend yourself with pistol is only possible in close quarter battle, which I say is, दस्ती लड़ाई टाइप।

It was mentioned by the Minister that it has become a cottage industry. I

belong to an area where gang wars are rampant and weapons are sold like daily use articles. In Western U.P., a good quality *gur* will be sent to Haryana across Yamuna and in those *gur* tractors and *gur* carts, arms are smuggled. Though there are 36 lakh licences all over India but as far as illegal arms are concerned, there is no count and most of the crimes are because of illegal arms. Therefore, with this cottage industry, we have to be more stringent because deterrent punishment and exemplary punishment is a must. Deterrent punishment is कि क्राइम करने वाले की अक्ल जगे कि अगर उसने दोबारा किया तो ऐसा ही सुलूक दोबारा किया जाएगा और as far as exemplary punishment is concerned, especially, in Armed Forces, when somebody commits a crime, in a short time, in a very requisite time, within two years, we punish him, and, at the same time, we punish him publicly so that others को भी यह example मिले, यह मिसाल मिले कि अगर आपने ऐसा किया तो आपके साथ भी ऐसा ही सुलूक होगा। इसलिए यह जो exeplary and deterrent punishment है, इसको execute करने के लिए हमें judicial system की भी overhauling करनी पड़ेगी। Otherwise, with jail reforms and judicial reforms, if we do not combine the punishment, हमारी जेलें भर जायेंगी।

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY) *in the Chair*]

इसलिए, deterrent punishment के लिए मैं कहूंगा कि सिर्फ जेल में उनको guests की तरह रखा नहीं जाए, अगर rigorous imprisonment है, तो उनसे rigorous काम लिया जाए। पुराने जमाने में, अंग्रेज़ों के जमाने में तो उनसे नहर खुदवायी जाती थी, क़ैद-ए-बामशक्कत होती थी, मगर अब वह प्रावधान पूरी तरह इस्तेमाल नहीं होता। I welcome कि सज़ा बढ़ा कर एक साल से तीन साल कर दी, तीन साल से पाँच साल कर दी, पाँच साल से सात साल कर दी, सात साल से 14 साल कर दी और 14 साल से life imprisonment or even death. खासकर ऐसे हालात में जब फौज और पुलिस पर हमला किया गया हो, snatching of arms हो, planned gangs हों, एक syndicate हो, इस tendency को curb करने के लिए सरकार ने जो इक़दामात किए हैं, उनका मैं इस्तक़बाल करता हूँ, समर्थन करता हूँ। इसके साथ ही मैं सरकार का, माननीय गृह मंत्री जी का शुक्रिया अदा करता हूँ कि इन्होंने sportsman, armed forces और security forces को पूरी तरह से spare किया है, क्योंकि those are responsible license holder end-users and even ex-servicemen को भी spare किया है।

सर, मैं आपके नोटिस में एक और बात लाना चाहूँगा और वह यह है, I retired from quite a senior rank but there was much a dearth of non-service pattern weapons कि मुझे एक .30 gun से ही satisfied होना पड़ा। Now once people will be surrendering

[Lt. Gen. (Dr.) D.P. Vats (Retd.)]

their arms, more non-service pattern weapons will be available to other responsible people. इसके साथ ही मैं यह कहूँगा कि Deputy Commissioners को, licensing authorities को....., ऐसा न हो कि एक तरह से दोबारा इंस्पेक्टर राज हो, इसलिए जो online licensing के इक़दामात किए गए हैं, वह भी काबिलेतारीफ है। इसके साथ ही मैं यह जरूर कहूँगा कि न्यायिक सुधार, police reforms सुधार जरूरी हैं। खासकर पुलिस रिफॉर्म के संबंध में मैं कहूँगा कि bureaucratic, police and politician का एक racket न बन जाए और उसमें सारे illegal काम होते रहें। ऐसे अनासिर पर हमें सख्ती से पेश आने की जरूरत है।

In the end, I will say that it is a well-intentioned Bill. It is well comprehended and I support it. Thank you very much.

SHRI SUBHASISH CHAKRABORTY (West Bengal): Sir, I thank you for giving me the opportunity to speak on the Arms (Amendment) Bill, 2019. I have a few points to make which the Government should consider.

On the usage of un-licensed weapons, according to the Government data, nearly 58,000 offences were recorded in 2017. Only 419 involved had licensed arms. A total of 63,000 firearms were seized. Only 3,500 were licensed. Seven people were arrested every hour with illegal weapons. The Government should take strong action for the recovery of illegal arms and ammunition throughout the country, especially in the borderland of the country. We, the peaceful citizens, are very much afraid as arms are being used in any incident. What is the Government doing to curb smuggling of firearms into the country?

On criteria for licence, because the number of crimes being committed is increasing gradually, the Government has to revisit it and strengthen the criteria for issuing licence so that the arms are not used badly.

On arms manufacturing, the Government has liberalised manufacturing of small arms and allowed Foreign Direct Investment of 49% in its manufacture. But now there is a limit to hold licensed firearms. What will be its impact on arms manufacturing companies? Then comes Armed Forces. What about the Armed Forces misusing weapons? What are the provisions and punishments? How many cases have been recorded? Vintage firearms are family heirlooms which have been passed over generations. Giving them up can lead to heritage erosion. When vintage firearms

will be deposited at the police station who will look after them? What about their maintenance and upkeep? Then comes the point of trafficking of firearms. The Bill proposes trafficking of firearms and ammunition. But the Government has to ensure that the privacy of people holding licensed firearms will be protected. There has to be a holistic mechanism for collection and protection of data, especially when the Government has still not tabled the Data Protection Bill in Parliament. Then comes the point of new offences. The Bill prohibits using firearms in celebratory gunfire. There should be overarching prohibitions, like say, a farmer using a licensed gun to ward off animals from his crops. Sir, the Government had claimed that demonetisation would kill terrorism but it was not done. To counter such things, it requires holistic policies and strong action. What has the Government done to curb terror? Has the access to arms by terrorists been curbed? How were unlicensed firearms funded? The Government should take cognizance of these points. I thank you for giving me the chance to speak on the Bill.

SHRI N. CHANDRASEGHARAN (Tamil Nadu): Hon. Vice-Chairman and the august Members of the illustrious Rajya Sabha, I consider myself as privileged to be part of this wise body of learned experts and statesmen from different parts of our glorious nation. I fondly recall the history of this Sabha which came into existence in April, 1952, chaired by one of the best teachers of the country, the then Vice-President, Dr. S. Radhakrishnan. I also recall with pride that the only female Member of the first Rajya Sabha, Shrimati Rukmini Devi Arundale, came from Chennai. It is also a great source of pride for me that I carry the lineage of Perarignar Anna, Puratchi Thalaivar Makkal Thilagam MGR, Puratchi Thalaivi Amma, the Iron Lady of India, and now the ever-smiling, our Thalaivar Ayya Makkal Thondar, our hon. Chief Minister Edappadi K. Palaniswami. It is my vision and endeavour to carry the legacy and serve for the welfare of our people with the same dedication, kindness and broadmindedness.

Though as a country we are facing several challenges, I would like to stress five major areas for a concerted, collective and focussed action. First, inclusiveness and bridging the inequality between rich and poor; second, health, sanitation and cleanliness at every level; third, sustainable development with a major stress on conserving natural resources and controlling the damage to the environment; fourth, quality and free education to every child on universal basis; fifth, providing efficient

[Shri N. Chandrasegharan]

governance and services to people at all levels, without their having to struggle to get what they are rightfully entitled for.

I thank our Chief Minister hon. Dr. Edappadi K. Palaniswami, our Deputy Chief Minister, O. Panneerselvam, for giving me an opportunity to be an instrument in carrying their vision to the people. I understand the roles and responsibilities of Rajya Sabha which is primarily to spend time examining various legislations, programmes and Ordinances as forwarded to us and offering our considered and learned views on those proposals.

I assure this august and learned body and the people of our nation that I will do the best in my capability to fulfil my responsibilities without any bias and partiality, and in alignment with the broad vision of the learned statesmen and the welfare of the people. With the support of our hon. Chief Minister, Dr. Edappadi K. Palaniswami, I take this opportunity to dedicate myself for the service of our people in particular and the citizens of our country in general.

While thinking about him, I recollect a couple of phrases in Tirukkural: *"kaatchik keliyan kadunjollan allanael, meekkoolum mannan nilam."* It means that where the king is easy of access, where no harsh words repels, that land's high praises every subject swells.

Regarding Kudimaramathu work in Tamil Nadu, I would like to mention that our hon. Chief Minister of Tamil Nadu has allocated a fund of ₹499 crores for desilting 1,829 lakes in the State under "Kudimaramathu" Scheme this year. This scheme has been successfully implemented in most of the lakes. I would like to present the recent official database regarding the water table in Tamil Nadu, which states that water table has gone up by three metres on an average across the State.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Sorry, one second. We are discussing the Arms (Amendment) Bill, 2019. ...*(Interruptions)*... Please help him. ...*(Interruptions)*... It is his maiden speech but it should also be on the Bill because that is the Rule. ...*(Interruptions)*...

SHRI N. CHANDRASEGHARAN: The average water level was at 14.5 metres below ground level now, compared to a depth of 17.5 metres in May. Groundwater level has improved in several districts, and the southwest monsoon has also contributed to the increase in water levels.

With the satisfying monsoons for the year, almost all the lakes and dams are now at brim level. At this juncture, I am humbled to place the requisition to allocate more funds during the forthcoming financial year for the betterment of water resources. Our hon. Chief Minister of Tamil Nadu has earmarked ₹1,000 crores to construct the check dams to improve the water resources.

Now, coming to the point, I support The Arms (Amendment) Bill, 2019, which seeks to decrease the number of licensed firearms allowed per person. It also introduces new categories of offences. According to an estimate, India has around 35 lakh gun licenses. Under this Act, a license must be obtained to acquire, possess, or carry any firearm. The Bill reduces the number of permitted firearms from three to one. The Bill also increases the duration of the validity of a firearm license from three years to five years. The Bill bans manufacture, sale, use, transfer, conversion, testing or proofing of firearms without license. The Bill increases the punishment between seven years and life imprisonment along with a fine. A court may impose a punishment of less than seven years with recorded reasons. Celebratory gunfire refers to use of firearms in public gatherings, religious places, marriages or other functions, to fire ammunition. The Bill also defines offences committed by organized crime syndicates and illicit trafficking. My suggestion is that the Central Government may make rules to track firearms and ammunition from manufacturer to purchaser to detect, investigate, and analyse illicit manufacturing and trafficking.

Once again, as conclusion, I want to take this opportunity to thank the hon. Prime Minister of India Shri Narendra Modi for naming the Chennai Central Station after Dr. M.G. Ramachandran Central Railway Station, whose name now could be heard across all the railway stations in India. I also thank the hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Dr. Edappadi K. Palaniswami who recommended Dr. M.G.R. name for Chennai Central Railway Station. Dr. M.G.R. is a well-known personality across the world, both as a great actor and as the beloved Chief Minister of Tamil Nadu. There is a saying: "Preaching is easier than practice" but Dr. M.G.R. did what he promised to the people of Tamil Nadu. Dr. MGR is well-known to everyone as a philanthropist as whatever he had earned was donated to differently-abled persons like blind, deaf and dump, besides women colleges. Dr. MGR was the first person in India, who entered first in Cine field, then he turned as Chief Minister. The way of his approach towards the people took him to the Chair of Chief Minister, is no wonder. Hon.

[Shri N. Chandrasegharan]

Prime Minister, knowing the credentials of Dr. MGR, decided to name Chennai Central Railway Station after Dr. MGR. Dr. MGR hailed from a very poor family and reached the pinnacle of glory in the life. Our Prime Minister Modi*ji* occupied this great office because of his dedication, devotion, commitment and sincerity and not by inheritance. I humbly thank the hon. Prime Minister at this juncture once again.

Then, regarding the Informal Summit at Mahabalipuram; it is indeed a great pride for the State of Tamil Nadu to host the meeting of our hon. Prime Minister Modi*ji* with the President of China on an informal summit. The historical city of Mahabalipuram, witnessed these proud moments for two consecutive days on 11th and 12th October 2019. Mahabalipuram is a very famous place in India, which is situated on a strip of land between the Bay of Bengal and the Great Salt Lake. ...*(Time-bell rings)*... It is known for its temples and monuments built by the Pallava dynasty in 7th and 8th Centuries.

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Sir, fifteen minutes; only one more.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Look at the board. Please look at the board.

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Sir, fifteen minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Look at the board.

SHRI N. CHANDRASEGHARAN: Thousands of tourists visit all the days to this historical place. In this place, two great and powerful leaders in the World held discussions on various subjects.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): How many pages are left?

SHRI N. CHANDRASEGHARAN: Only one. The uniqueness of this place started to spread now not only in Tamil Nadu and India; but also across the world after the informal summit was over, focusing attention of more number of tourists. I would like to place on record my appreciations and sincere thanks to whole team of officials and Ministers who made elaborate security arrangements, smooth logistics

and mind blowing entertainment and other activities through forming expert committees, which made the summit a grand success.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): All right. ...*(Time-bell rings)*... Please conclude.

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Sir, one more minute.

SHRI N. CHANDRASEGHARAN: It is pertinent to point out here that the President of China thanked everybody and expressed his full satisfaction.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Sorry; one second. Please stop for a second. ...*(Interruptions)*... Please stop for a second. ...*(Interruptions)*... One second, please stop. Time allotted for discussion on the Bill is only two hours, so fifteen minutes cannot be given to him. Already he has exceeded five minutes.

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Sir, it is his maiden speech.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): No; I request you to conclude, please. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Sir, it is his maiden speech. Give him one more minute.

SHRI S. MUTHUKARUPPAN: It is his maiden speech.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): I know it is his maiden speech. ...*(Interruptions)*... I know that.

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Sir, it is because he wants to express everything.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Try to understand; try to appreciate that only two hours have been allotted for discussion on this Bill. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: For the whole Session; he has not got any chance.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Fifteen minutes is the maximum time. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Give him one minute more.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Please conclude. ...*(Interruptions)*... Please conclude. ...*(Interruptions)*...

SHRI N. CHANDRASEGHARAN: It is pertinent to point out here that the President of China thanked everybody and expressed his full satisfaction and happiness of his visit to India, and Tamil Nadu. All these were possible under the able guidance of our hon. Prime Minister and right execution by the hon. Chief Minister of Tamil Nadu.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Ch. Sukhram Singh Yadav; you start. Nothing will go on record.

SHRI N. CHANDRASEGHARAN: *

चौधरी सुखराम सिंह यादव (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे आयुध (संशोधन), विधेयक 2019 पर बोलने का अवसर प्रदान किया। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय): आप बोलिए।

चौधरी सुखराम सिंह यादव: महोदय, मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं। उत्तर प्रदेश और बिहार दो ऐसे राज्य हैं, जहां असलहे का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। यह माना जाता है कि अगर असलहा घर में नहीं है तो उस आदमी की कोई हैसियत नहीं है। मैंने अपने बचपन में देखा है कि किस प्रकार से असलहे के लिए लड़ाइयां हुआ करती थीं और लोग कैसे चाहते थे कि किस तरह जुगाड़ से असलहा हमारे घर पर आ जाए। अभी हमारे दक्षिण भारत के लोग बोल रहे थे कि वहां पर तो लोग जानते ही नहीं हैं कि असलहा क्या होता है। मैं आपको एक किस्सा बताना चाहता हूं कि जब मेरी शादी हैदराबाद में हुई तो उत्तर प्रदेश से काफी लोग मेरी शादी में गए। हमारे पिताजी उस समय MLC थे और ताऊजी MP थे। महोदय, जब मेरी बारात हैदराबाद पहुंची, तो उसमें ज्यादातर लोग राइफल और बंदूक वाले थे। उन्हें देखकर वहां के लोग तमाशा देखने लगे और बोले कि ये डकैत कहां से आ गए। मैं कहना चाहता हूं कि दक्षिण भारत में तो लोग मानते हैं कि राइफल या बंदूक वाला आदमी डकैत होता है। जब हमारे दक्षिण भारत के माननीय सदस्य बोल रहे

*Not recorded

थे, तब भी वे कुछ इसी प्रकार की भाषा में बोल रहे थे। मैं कहना चाहता हूं कि वे असलहों के बारे में कुछ नहीं जानते हैं।

महोदय, मंत्री जी ने जो बिल प्रस्तुत किया है, उसमें उन्होंने एक प्रस्ताव दिया है कि लाइसेंसी हथियार का पांच साल renewal का समय करने जा रहे हैं, यह तो स्वागतयोग्य कदम है। बल्कि मैं तो चाहता हूं कि यदि संभव हो, तो पांच साल से ज्यादा का समय भी कर दिया जाए, तो बेहतर रहेगा। जब तक किसी की तरफ से कोई शिकायत न हो अथवा कोई उसकी complaint न करे अथवा उसके ऊपर कोई मुकदमा न चले, तब तक उसे डिस्टर्ब नहीं करना चाहिए।

महोदय, मैं पहले देखता था कि हर तीन साल के बाद लाइसेंस का renewal होता था। कहा जाता था कि लाइसेंस दिखाइए, रिन्यूअल कराइए, पैसा जमा कराइए और पुलिस की रिपोर्ट में बहुत दिक्कतें होती थीं। पुलिस रिपोर्ट लगाने में बहुत परेशान करती थी। ये सारी बातें मैंने देखी हैं। मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इस अवधि को यदि और बढ़ा देंगे, तो अच्छा होगा।

महोदय, इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इन्होंने इसमें जो प्रावधान किया है कि दो असलहों से ज्यादा लाइसेंस कोई नहीं ले सकेगा, यह ठीक नहीं है। पहले नियम था कि तीन असलहे रख सकते थे और इसमें भी ऐसा था कि तीन असलल्हे वही रख पाते थे, जो सम्पन्न होते थे। आम आदमी के बस की बात तो थी नहीं कि वह तीन-तीन असलहे रखे। मैं अब भी कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश और बिहार की बात मैं कर रहा हूं और प्रदेशों के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं, वहां अभी भी ऐसे-ऐसे गांव हैं कि जहां आप मीलों चले जाइए, आपको कोई आदमी नहीं मिलेगा। वहां डकैती पड़ जाएगी, चोरी हो जाएगी, तो सुरक्षा व्यवस्था का क्या इंतजाम होगा, वहां पीड़ित को बचाने के लिए असलहे ही काम आएंगे। आप वहां सुरक्षा की व्यवस्था कराइए, यदि आप यह नहीं करा सकते हैं, क्योंकि यह आपके वश की बात नहीं है, तो मैं कहना चाहता हूं कि असलहों के लाइसेंस में आप जो कटौती कर रहे हैं, वह ठीक नहीं है। अत: मैं चाहता हूं कि यदि एक परिवार में किसी के पांच बच्चे हैं और उन्होंने अपने पिता के नाम से तीन लाइसेंस ले रखे हैं, तो उन्हें तीन ही रहने दीजिए। पिता के बाद वे automatically लड़कों के पास चले जाएंगे। जब पिता नहीं रहेंगे, तो स्वाभाविक ही है कि उनके लड़कों के नाम पर ही वे लाइसेंस जाएंगे। इस पर भी आपको विचार करना चाहिए। आपने दो लाइसेंस वाली बात रखी है, कहीं इसका दुरुपयोग न हो और इस की ठीक व्यवस्था हो। जहां इसका उपयोग हो रहा है, बड़े-बड़े गांव हैं और कई क्षेत्रों में ऐसे गांव हैं जहां पहले भीषण डकैतियां होती थीं, वैसी जगहों पर लाइसेंसों को दिए जाने में छूट होनी चाहिए।

[चौधरी सुखराम सिंह यादव]

महोदय, मैं अगली बात कहना चाहूंगा कि जिस प्रकार से शादी-विवाह में इसका दुरुपयोग होता है, उसके लिए इसमें कानून और सख्त होना चाहिए। जो लोग शादी-विवाह में फायर करें, उनके लाइसेंस तुरन्त प्रभाव से निरस्त किए जाने चाहिए। सबसे ज्यादा मौतें, शादी-विवाह में फायरिंग के कारण ही हो रही हैं। जब दूल्हे और दुल्हन की विदाई होती है, तो अधिकतर लोग फायर करते हैं और इसके कारण बहुत ज्यादा दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसलिए ऐसी स्थिति में तुरन्त लाइसेंस निरस्त किए जाने चाहिए। व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि जो ऐसा करता पाएगा, उसका लाइसेंस तुरन्त जब्त कर लिया जाएगा और इस पर कहीं कोई रोक नहीं होनी चाहिए।

महोदय, जब मैं छोटा था, उस वक?त की बात बता रहा हूं। हमारे ताऊ जी के पास एक stick gun थी। वह ऐसी थी कि एक तरह से बेंत जैसी होती है। उसे लेकर आप कहीं भी चले जाइए। उसे कहीं वे भूल जाया करते थे। कभी स्टिक गन कहीं रखी रह जाती थी। ऐसे जो असलहे होते थे, वे समाज के लिए तो अच्छे होते थे, लेकिन कहीं-कहीं उनका दुरुपयोग भी हो जाया करता था। इसलिए ऐसे जो असलहे बनाए जा रहे हैं, उनके ऊपर भी प्रतिबन्ध होना चाहिए। असलहे ज्यादातर ऐसे बनने चाहिए जो समाज के लिए उपयोगी हों, लाभकारी हों और जिनसे समाज को सुरक्षा मिलती हो।

महोदय, मैं अगली बात यह कहना चाहूंगा कि आज जो स्थिति है, उसके अनुसार क्षेत्र में कहीं कोई चुनाव होता है, तो थाने में असलहे जमा हो जाते हैं। जब थाने में असलहे जमा होते हैं, तो कूड़े की तरह जमा होते हैं। आदमी आया, जमा कर गया। उसके लाइसेंसी असलहे का क्या हो रहा है, उसके बारे में उसे कोई पता नहीं लगता। इसकी व्यवस्था भी होनी चाहिए कि चुनाव के समय, यह जो प्रतिबन्ध होता है कि आप असलहा नहीं रख सकते हैं, उसमें छूट होनी चाहिए। यह तरीका अच्छा नहीं है कि आप लाइसेंस दे रहे हैं सुरक्षा के लिए, लेकिन झगड़े ज्यादातर चुनाव के समय ही होते हैं। आप लाइसेंसी असलहा रखने वाले को यह कह सकते हैं कि चुनाव के समय आप असलहे को घर से बाहर नहीं निकालेंगे, आप उसे घर के अंदर रखेंगे, घर के बाहर लेकर नहीं जाएंगे। यह प्रतिबन्ध तो हो सकता है, लेकिन अगर आप गांव के आदमी से कह दें कि वह असलहे को जमा कर दे, तो वह रात में खतरे की वजह से सो भी नहीं पाएगा। इस पर भी छूट होनी चाहिए।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं पहली बार तो बोल रहा हूं। मुझे थोड़ा समय दे दीजिए। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जिस प्रकार से राज्यों को लाइसेंस देने का अधिकार था, वह अधिकार राज्यों को ही होना चाहिए। वे चाहें, तो एक हथियार के लिए लाइसेंस दें और चाहें, तो दो हथियारों के लिए लाइसेंस दें अथवा तीन हथियारों के लिए लाइसेंस दें। यह अधिकार केन्द्र को क्यों दिया जा रहा है? यह तो राज्यों का विषय था,

इसमें केन्द्र कहां से आ गया? इसलिए मैं चाहूंगा कि यह जो नियम पहले था और यह विषय राज्यों के अधिकार क्षेत्र में था, उन्हीं के अधिकार क्षेत्र में रहे और वे आवश्यकतानुसार जहां-जहां समझें, लाइसेंस बांटें। मेरी आपसे यह अपील है। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहूंगा कि आपने इस बिल में और भी जो बातें कही हैं, वे ठीक हैं, वे उचित बातें हैं, लेकिन आप बस दो ही बातों का ध्यान रखिएगा कि लाइसेंस की जो प्रक्रिया है, इसके लिए हमारी जो रिन्युअल प्रक्रिया है उसमें और सरलीकरण होना चाहिए। इसके साथ ही जो गाँव क्षेत्र का एरिया है, गरीब क्षेत्र हैं, जैसे बुंदेलखंड क्षेत्र है, ऐसे क्षेत्रों में अधिक से अधिक लाइसेंस दिए जाएं, ताकि आम आदमी को सुरक्षा का अवसर प्रदान हो। इसी के साथ-साथ मैं माननीय मंत्री जी से चाहता हूं कि इसमें संशोधन करें, क्योंकि उसके बाद ही यह जनता के लिए अच्छा बिल सिद्ध होगा। आपने मुझे इस बिल पर बोलने का अवसर दिया है, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI PRASANNA ACHARYA (Odisha): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir, for giving me this opportunity to speak on this Bill. Sir, the hon. Minister, while speaking, has very correctly said that though it is a small Bill, it has wider ramifications, big ramifications, and I agree with him, and I think, this is a timely Amendment Bill which the hon. Minister has brought to this House for its approval.

